अब हम खुद को बचाने के लिए हीरो का इंतजार नहीं करते : सान्या

दंगल गर्ल सान्या मल्होत्रा इन दिनों हॉलिवुड फिल्म मेन इन ब्लैक इंटरनैशनल में एजेंट एम यानी हॉलिवुड स्टार टेसा थॉम्पसन को आवाज देकर चर्चा में हैं। सान्या ने फिल्म के हिंदी वर्जन में टेसा के लिए डबिंग की है। वहीं, अनुराग बसु निर्देशित अपनी अगली फिल्म में वह एक बार फिर पुरानी जोड़ीदार फातिमा सना शेख के साथ नजर आएंगी

एमआईबी से जुड़ना गर्व की बात

फिल्म में टेसा थॉम्पसन के लिए डबिंग करना सान्या के लिए कितना चैलेंजिंग रहा, यह पूछने पर वह कहती हैं, डबिंग बड़ा ही इंट्रेस्टिंग सा कॉसेप्ट है। हमारी फिल्मों में आजकल सिंक साउंड होता है, तो डबिंग इतनी होती नहीं है। जैसे मैंने दंगल के लिए सिर्फ एक ही लाइन डब की थी, तो शुरू में मुझे पता नहीं था कि डबिंग भी ऐक्टिंग जितना ही मुश्किल प्रोसेस होता है। ये बात मुझे अपनी पिछली फिल्म फोटोग्राफ में पता चली, क्योंकि उसमें लगभग पूरी ही फिल्म हमें डब करनी पड़ी थी। वह फिल्म हमने काफी हद तक बाहर शूट की थी, तो हमारे ऑडियो में काफी नॉइज था। उस फिल्म में मैंने सीखा है कि जो आप कैमरे के सामने एक ऐक्टर के तौर पर करते हैं, डबिंग में वही आपको माइक के सामने करना होता है, लेकिन किसी और ऐक्टर के लिए डब करना ट्रिकी होता है, साथ ही काफी इंट्रेस्टिंग भी होता है। वहां, स्क्रीन पर मैं नहीं हूं, तो यह जानने के लिए कि टेसा क्या फील कर रही है, वह पूरा सीन देखो। क्या बोल रही है, उसका ट्रांसलेशन करो, दूसरे वह हिंदी में भी फनी लगना चाहिए, तो एमआईबी के लिए डब करना मेरे लिए काफी इंट्रेस्टिंग था। जब मेरी एजेंट ने मुझे बताया कि एमआईबी के लिए डब करना है, तो मैंने बिना सोचे तुरंत कहा कि हां, मैं करूंगी। मैं एमआईबी की बहुत बड़ी फैन हूं। इतनी बड़ी और अच्छी फिल्म के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अब बॉलिवुड हीरोइनें भी नहीं रहीं नाजुक

हॉलिवुड की तरह बॉलिवुड में ऐक्ट्रेसेस के लिए ऐसे एजेंट वाले ऐक्शन ओरिएंटेड रोल न लिखे जाने के सवाल पर सान्या असहमति जताती हैं। बकौल सान्या, दंगल ही ऐक्शन फिल्म थी। हमने खुद अपने ऐक्शन किए थे। कटरीना कैफ ने कई फिल्मों में ऐक्शन किया है। अब बहुत सारी ऐक्ट्रेसेस ऐक्शन कर रही हैं, तो ऐसा नहीं है कि हमारी इंडस्ट्री में ऐक्ट्रेसेस के लिए स्ट्रॉन्ग रोल नहीं लिखे जा रहे हैं। हमारी इंडस्ट्री भी अब ऐसी फिल्में बनने लगी हैं। हां, पहले फीमेल के लिए स्ट्रॉन्ग किरदार नहीं लिखे जाते थे। पहले तो हम इंतजार ही करते थे कि हमारा हीरो हमें मुसीबत से बचाने के लिए कब आएगा, पर अब हम खुद खड़े होकर कहते हैं कि तुम बैठो, हम अपने को खुद बचा लेंगे। तुम जाओ, अपना काम करो। दरअसल, हमारे यहां एजेंट की फिल्में ही बहुत कम बनती हैं, मैंने तो बॉलिवुड में एजेंट वाली कोई फिल्म देखी ही नहीं है। बाकी, अभी चीजें बदली हैं। काफी स्ट्रॉन्ग फीमेल किरदार लिखे जा रहे हैं। यह एक बहुत अच्छा बदलाव है, जिसे हमें सपॉर्ट करना चाहिए।

अपने पहले ऐतिहासिक शो को लेकर उत्साहित हैं बरखा बिष्ट

अभिनेत्री बरखा बिष्ट सेनगुप्ता ने कहा है कि वह पहली बार ऐतिहासिक शैली का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। बरखा वर्तमान में चल रहे टीवी शो चंद्रगुप्त मौर्य में तारिणी की भूमिका निभाने जा रही हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली सिद्धार्थ कुमार तिवारी की ऐतिहासिक श्रृंखला ने हाल ही में भविष्य में पांच साल की छलांग ली है। बरखा इस शो में धनानंद (सौरभ राज जैन) की लंबे समय से खोई हुई प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगीं।

बरखा ने कहा, मैं चंद्रगुप्त मौर्य का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह मेरा पहला ऐतिहासिक शो होगा। मैं सिद्धार्थ को बहुत लंबे समय से जानती हूं। वह ऐतिहासिक और पौराणिक कहानियों के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं। मुझे कभी उनके साथ काम करने का मौका नहीं मिला है।

बरखा ने कहा, जब मुझे तारिणी की भूमिका निभाने का अवसर मिला जो धनानंद की प्रेमिका है, तो मैं काफी रोमांचित हुई। मेरे चरित्र की जटिलता ने मुझे आकर्षित किया। और, यही मुख्य कारणों में से एक रहा, जिसके लिए मैंने यह चरित्र निभाने के लिए हामी भरी।

पूजा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की बोल्ड तस्वीरें

पूर्व मिस इंडिया पूजा गुप्ता ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ बेहद हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि पूजा कितनी बोल्ड हैं. बता दें कि पूजा पूर्व मिस इंडिया के साथ साथ मॉडल और अभिनेत्री भी हैं. पूजा का जन्म ३० जनवरी 1987 को हुआ था. लेकिन पूजा की ऐसी हॉट तस्वीरें देखने के कहना काफी मुश्किल है कि उनकी उम्र 33 साल है. साल २००7 में मिस इंडिया का खिताब अपने नाम करने के बाद पूजा ने मॉडलिंग में कदम रखा था. बता दें कि पूजा ने २००7 में मैक्सिको में हुए मिस यूनीवर्स कॉम्पीटीशन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था. इसके बाद से वो कई बड़े ब्रांड का चेहरा हैं. पूजा ने फिल्म स्न..रुङ्ग.. से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. इसके बाद को शॉर्टकट रोमियो, गो गोआ गोन जैसी फिल्मों में अहम किरदार निभाती दिखाई दे चुकी हैं. पूजा गुप्ता एनिमल राइट्स ऑर्गेनाइजेसन पेटा की भी सपोर्टर है.